प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक: 05.12.2025 समय : 09:00 ए.एम.

0000

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ वार्ता करेंगे।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज गंगानगर प्रवास पर–गंगनहर शताब्दी समारोह में शामिल होंगे और फिरोजपुर फीडर पुनर्निर्माण कार्यो का शिलान्यास करेंगे।
- एसआईआर प्रकिया 2026 के तहत गणना प्रपत्रों की 96 प्रतिशत मैपिंग के साथ राजस्थान देशभर में अग्रणी।
- उत्तर भारत से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण राज्य में तापमान में गिरावट–शेखावाटी क्षेत्र में शीतलहर का असर।

00000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ वार्ता करेंगे। 23वें भारत–रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में दोनों नेता द्विपक्षीय संबंधों की प्रगति की समीक्षा और आपसी हित और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। वार्ता के बाद व्यापार, अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, संस्कृति और मीडिया से संबंधित क्षेत्रों सहित कई समझौतों पर हस्ताक्षर होने की संभावना है। राष्ट्रपति पुतिन भारत की यात्रा पर कल शाम नई दिल्ली पहुंचे। प्रधानमंत्री मोदी ने हवाई अड्डे पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। श्री पुतिन का आज सुबह राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत किया जाएगा। श्री पुतिन राजघाट स्थित महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देंगे।

0000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज श्रीगंगानगर में गंगनहर शाताब्दी समारोह में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री फिरोजपुर फीडर के पुनर्निर्माण कार्यो का भी शिलान्यास करेंगे। गौरतलब है कि गंगनहर के 100 साल पूरा होने के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री इन कामों की शुरूआत कर रहे है। इन कार्यो से हरिकेबैराज में आने वाला पानी फिरोजपुर फीडर में लाया जायेगा। इसका

सीधा फायदा गंगनहर को होगा। इन पुनर्निर्माण कार्यों से गंगनहर के 3 लाख 14 हजार हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई के लिए पानी मिल सकेगा। मुख्यमंत्री के दौरे पर और जानकारी दे रहे है।

.....

0000

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने तेलंगाना सरकार से बिजली उत्पादन को लेकर हुए समझौते के लिए संयुक्त उद्यम कंपनी के जल्द गठन का आग्रह किया है। श्री नागर ने कल हैदराबाद में तेलंगाना के उप मुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क से मुलाकात की। उन्होंने सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) और राज्य विद्युत उत्पादन निगम के बीच हुए समझौते के तहत जल्द कंपनी बनाने को कहा है। ये समझौता इस साल मार्च महीने में हुआ था। श्री नागर ने बताया कि समझौते के तहत तेलंगाना में पिट हैड पर 800 मेगावाट की कोयला आधारित तापीय विद्युत परियोजना तथा राजस्थान में 1500 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना की जानी है। प्रस्तावित संयुक्त उद्यम कम्पनी में एससीसीएल की 74 प्रतिशत तथा राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम लि की 26 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी। इन परियोजनाओं की स्थापना से राज्य में बिजली की बेस लोड मांग को पूरा किया जा सकेगा तथा प्रदेश की सौर ऊर्जा संभावनाओं का अधिक उपयोग हो सकेगा।

0000

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर कल बूंदी प्रवास पर रहे। उन्होंने पेच की बावड़ी के राजकीय विद्यालय में 1 करोड़ 10 लाख रूपये की लागत से बने नये कक्षा कक्षों का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री ने संस्कार युक्त शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को मानवीय मूल्यों से ओत–प्रोत शिक्षा देने के लिए सरकार विशेष प्रयास कर रही है। इसके लिए नया सिलेबस तैयार किया जा चुका है और जल्द ही इसे लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संस्कार युक्त शिक्षा से ही एक बेहतर और सभ्य समाज का निर्माण संभव है। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा मंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लाभार्थियों को उनके सपनों के घर की चाबियां सौंपी। कार्यक्रम में बोर्ड परीक्षाओं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों और खेल प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

0000

एसओजी ने जयपुर में तीन फर्जी डॉक्टरों को गिरफ्तार किया है। एसओजी के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विशाल बंसल ने बताया कि इन्होंने फोरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्जाम एफएमजीई पास किये बिना ही फर्जी सर्टीफिकेट बनवाकर सरकारी मेडिकल कॉलेजों में इंटर्नशिप भी पूरी कर ली। ये तीनो फर्जी डॉक्टर दौसा जिले के निवासी है।

0000

प्रदेश में मतदाता सूचियों की एसआईआर प्रक्रिया में 5 करोड़ 46 लाख से ज्यादा गणना फॉर्म ईसीआई नेट पर अपलोड किये जा चुके है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि निर्धारित समय से पहले ही 99 दशमलव 9 4 प्रतिशत उपलब्धि हासिल कर राजस्थान में डिजिटल दक्षता का कीर्तिमान बनाया है। श्री महाजन ने बताया कि प्रदेश के 24 जिलों और 153 विधानसभा क्षेत्रों में गणना फॉर्म का शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन कर लिया गया है। इसके अलावा 96 प्रतिशत मैपिंग के साथ राजस्थान देशभर में अग्रणी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश के 51 हजार 256 मतदान केन्द्रों पर बीएलओ ने शत प्रतिशत फील्ड कार्य पूरा करते हुए घर घर पंहुच सुनिश्चित की।

0000

उत्तर भारत से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण राज्य में तापमान में गिरावट आयी है और सर्दी का असर बढ गया है। शेखावाटी और उसके आस–पास के क्षेत्र में शीतलहर का प्रभाव है। चूरू, झुंझुनूं, दौसा, अलवर, करौली सहित कई स्थानों पर न्यूनतम तापमान 3 से 7 डिग्री सैल्सियस के बीच रहा। बीते 24 घंटों में प्रदेश के 15 शहरों में रात का पारा 10 डिग्री सैल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। चूरू से हमारे संवाददाता ने बताया कि सर्द हवाओं ने ठिठुरन बढा दी है। बेसहारा लोगों के लिए बनाये गये रेनबसेरों में भी लोगों की आवक बढ़ने लगी है।

....

राजधानी जयपुर में भी सर्दी में बढोतरी देखने को मिली है। रात के तापमान में 3 डिग्री की गिरावट से ठण्ड का एहसास बढ गया है।
उधर सवाईमाधोपुर में कोहरे से यातायात और जनजीवन पर असर देखा जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार शेखावाटी क्षेत्र में 2–3 दिन तक शीतलहर का असर बने रहने के आसार है। वहीं न्यूनतम तापमान 3 से 5 डिग्री सैल्सियस के बीच दर्ज होने का अनुमान है।

0000

प्रदेश में 12 दिनों का खेल कुम्भ **खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स** केआईयूजी 2025 आज सम्पन्न हो जायेगा। समापन समारोह जयपुर में एक निजी विश्वविद्यालय में रखा गया है। इसमें उप मुख्यमंत्री प्रेमचन्द्र बैरवा और केन्द्रीय खेल राज्यमंत्री निखिल खडसे के शामिल होने का कार्यक्रम है। राजस्थान की मेजबानी में इस आयोजन में देशभर के 200 विश्वविद्यालयों के करीब चार हजार खिलाडियों ने हिस्सा लिया। राजस्थान राज्य खेल परिषद के अध्यक्ष नीरज के पवन ने बताया कि केआईयूजी के सफल आयोजन से राज्य में खेलों को एक नया आयाम मिला है। अब राजस्थान 2026 में होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स की मेजबानी के लिए प्रयास करेगा।

0000